Washim District Police

Nature of Work :- **Gang leader jailed for defrauding banks**

Police Station :- **Local Crime Branch**

Date of Good Work done :- **11/01/2023**

Brief of the work done :-

बँकांना गंडवनाऱ्या टोळीचा म्होरक्या जेरबंद ; 16 जानेवारी पर्यंत पोलीस कोठडी.

एटीएम से छेड़छाड़ कर बैंकों को लाखों का चूना लगानेवाले अंतरराज्यीय गिरोह का सूत्रधार गिरफ्तार

जिला प्रतिनिधि | वाशिम

एटीएम मशीन की वितरण व्यवस्था में बिगाड़ कर बैंकों के लाखों रुपए लूटनेवाली अंतरराज्यीय टोली के सूत्रधार को स्थानीय अपराध शाखा ने हिरासत में लिया है। गिरफ्तार आरोपी अरविंद कुमार अवस्थी को विद्यमान न्यायालय के समक्ष पेश करने पर उसे 16 जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेजा गया है। इस मामले के 4 आरोपियों को इससे पूर्व ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

वाशिम शहर पुलिस स्टेशन में भादंवि की धारा 420, सहधारा 43 (ई)(एच), 66 (सी) सूचना तकनीकी कानून के तहत दर्ज अपराध में दि वाशिम अर्बन को-आपरेटिव बैंक वाशिम के अकोला, अमरावती, वाशिम, मानोरा व रिसोड़ में स्थित एटीएम मशीन में नकद राशि वितरण के शेष | पेज 16 पर

आरोपियों को यूपी में कानपुर से किया गिरफ्तार

स्थानीय अपराध शाखा के पथक ने तकनीकी जांच करते हुए इस मामले के आरोपियों को उत्तर प्रदेश के कानपुर से हिरासत में लिया। इन आरोपियों में से वैभव ऋषभदेव पाठक (23) को विद्यमान न्यायालय ने न्यायालयीन हिरासत तो सत्यम शिवशंकर यादव (23), सौरव मनोज गुप्ता (21) व प्रांजल जयनारायण यादव (24) सभी निवासी कानपुर, उत्तरप्रदेश को 12 जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेजा गया। इस मामले के मुख्य आरोपी अरविंद कुमार अवस्थी को 16 जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेजा गया है। इन आरोपियों से माल बरामद करने की कार्रवाई शुरु है।